महत्वपूर्ण एवं खास

वॉटर प्रूफ पंडाल से पीएम नरेन्द्र मोदी करेंगे जनसभा को संबोधित

रायपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजधानी के साइंस कालेज मैदान में आयोजित सभा की तैयारियों का निरीक्षण करने वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष अरूण साव आदि पहुंचे और मंच आदि की व्यवस्था देखी। ज्ञात हो कि 7 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक विशाल सभा राजधानी रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित है। सभा के पूर्व मंच की साज-सज्जा, पंडाल आदि की व्यवस्था, बैठक, पेयजल आदि की व्यवस्था देखने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व राजेश मूणत आदि पहुंचे थे। ज्ञात हो कि वर्तमान में मानसून का सीजन चल रहा है। शहर में पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय हो गया, बारिश थमी हुई है। लेकिन अब मौसम विभाग द्वारा मानसून के फिर से सक्रिय होने तथा बारिश की संभावना जताने के बाद भाजपा नेताओं ने मंच को वॉटरपूरफ बनाने व भव्य स्वागत की तैयारी का जायजा लिया गया है। सुरक्षा के लिए 200 अधिकारियों सहित 1200 पुलिस वालों की ड्यूटी लगाई गई है । कार्यक्रम के 2 दिन पहले एसपीजी की टीम सभा स्थल को अपने कब्जे में ले लेगी। भाजपा नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हर व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों व कार्यों से प्रभावित है। यही वजह है कि उनकी सभा में लाखों लोगों के जुटने की संभावना है।

खेत में संदिग्ध अवस्था में मिली विवाहिता की लाश

पलारी-रायपुर (आरएनएस)। पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम रसौटा के खेत में एक 26 वर्षीय विवाहित महिला की लाश मिलने से हडक़ंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। सूत्रों ने बताया कि मृतका का शव घर से लगे एक खेत में मिला है। मृतिका की पहचान नात्या डहरिया के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतका का 5 वर्ष पूर्व ही प्रेम विवाह हुआ था। उसके तीन मासूम बच्चे भी हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की स्थिति देखते हुए प्रथम दृष्टया मामला हत्या की होने की आशंका जताई है, हालांकि पुलिस आत्महत्या के एंगल से भी जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने मृतका के पति से भी प्रारंभिक पूछताछ की है। पुलिस फिलहाल अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इसके बाद आगे की जांच तेज होने की बात कही है।

दिनदहाड़े कार सवार युवकों ने की फायरिंग, इलाके में फैलाया दहशत, एक नाबालिग समेत 3 गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर के सूर्या विहार में रविवार को अज्ञात युवकों ने फ ायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था. इस घटना से पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया था. आरोपी वैगन आर कार से घटनास्थल पहुंचे हुए थे और फायरिंग कर फरार हो गए थे. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वहीं घटना में शामिल कार और एयर गन को जब्त किया है. यह मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, सूर्या विहार निवासी शुभम साहू ने सरकंडा थाने में शिकायत दर्ज कराया कि रविवार सुबह 7:30 बजे के आसपास दो युवक वैगनआर कार में उनके घर के पास आए और घर के सामने खड़ी उनकी स्विफ्ट कार में तीन बार फायर कर फरार हो गए. फायर से गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया है. घटना को अंजाम देकर वैगन आर कार सवार बदमाश बसंत वाटिका की तरफ भाग गए. पीड़ित ने उनका पीछा कर उनके गाड़ी के भागने का वीडियो भी बनाया. जिसमें गाड़ी का नंबर सीजी 10 एसी 9815 दिखाई दे रहा था। इस मामले में सरकंडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. घटना में प्रयुक्त एयर पिस्टल सहित वैगन आर कार को जब्त किया गया है. पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

चिरायु योजना से मिल रहा है बच्चों को नया जीवन

❐ विभिन्न रोगों से पीड़ित बच्चों का लगातार हो रहा है सफल उपचार

रायपुर (आरएनएस)। बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) जन्म से ही स्वास्थ्य गत समस्याओं से पीडित बच्चों के लिए जीवन दायिनी साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य बच्चों में 04 प्रकार की परेशानियाँ जैसे डीफेक्ट एट बर्थ, डिसएबिलिटी, डेवलेपमेन्टल डिले, डेफिसिएन्सी की जाँच एवं उपचार कर रोगों को आगे बढने से रोका जा सके। कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों जो कि आंगनबाड़ी व सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत है उन्हें शामिल किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत साल में 02 बार समस्त आंगनबाडियों में दर्ज बच्चे एवं साल में 01 बार समस्त शासकीय विद्यालयों का भ्रमण कर समस्त बच्चों का प्रारंभिक स्वाथ्य जाँच किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के अंतर्गत महासमुंद जिले में अब तक 874 बच्चों के लिए वरदान साबित हुआ है। इसमें 126 कटे-फटे होंठ एवं तालु, 195 क्लब फुट, 82 कंजेनाईटल केटेरेक्ट 21 न्युरल ट्यूब डिफेक्ट, 450 जन्मजात हृदय रोग (कंजेनाईटल हार्ट डीसिस) से पीडित बच्चों का सफल उपचार किया गया है। जिले में जाँच हेतु 09 मोबाईल स्वास्थ्य टीम काम कर रही हैं। प्रत्येक टीम में 02 चिकित्सक, 01 फार्मासिस्ट, 01 लैब टेकनिशियन, 01 ए.एन.एम. की पदस्थापना की गई है। ग्राम तमोरा विकासखण्ड अंतर्गत बागबाहरा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययन कर रहा बालक नीलकंठ निषाद थैलेसीमिया व स्प्लेनोमेगाली नामक बीमारी से ग्रसित था । चिरायु टीम द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम तमोरा के समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण में उसके हाथ पैर सामान्य के अपेक्षा पतले पाये गये व मरीज का पेट फूले होने के साथ आँखे थोड़ी बाहर की तरफ पायी गई। बालक को अस्पताल में लाकर विशेष चिकित्सकीय दल द्वारा परामर्श व अन्य पैथोलॉजिकल जाँच करायी गई, जिसमें बालक के स्पलीन बढ़े होने के साथ कठोर पायी गई व हीमोग्लोबिन की मात्रा भी कम पायी गई। सोनोग्राफी व अन्य सूक्ष्म परीक्षण के बाद बालक को थैलिसिमिया व स्प्लीनोमेगाली नामक रोग से ग्रसित पाया गया। थैलेसीमिया व स्प्लेनोमेगाली एक गंभीर चुनौतीपूर्ण बीमारी है जिसे एक साधारण बी.पी. एल. परिवार को उच्च चिकित्सकीय संस्थान में इलाज कराया जाने के लिए एक विशेष मनोबल व शासन की तरफ

से मिलने वाली विशेष सहायता दोनो ही आवश्यक है, ऐसे में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु योजना के अंतर्गत चिरायु टीम द्वारा समय-समय पर नीलकंठ को जिला स्तर व राज्य स्तरीय चिकित्सकीय संस्थान ले जाया गया और बालक की सफलतापूर्वक सर्जरी करायी गई जिसे कुछ दिनों आईसीयू में रहने के पश्चात् डिस्चार्ज कर दिया गया। अब नीलकंठ अपनी सभी सामान्य बालकों की तरह स्कूल में पढ़ाई कर रहा है और खेल-कूद के साथ ही अपनी दिनचर्या के सभी काम करने में खुद सक्षम है।

गुमशुदा बच्चों की पतासाजी के लिए चलाए गए ऑपरेशन मुस्कान में पुलिस को मिली सफलता

559 गुमशुदा बच्चों को बरामद कर किया गया पालकों के सुपूर्द

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर राज्य में गुमशुदा बच्चों की पतासाजी के लिए आपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को इस मामले में व्यापक अभियान चलाने के आदेश दिए थे। निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी एस.सी. द्विवेदी के पर्यवेक्षण में गुमशुदा बच्चों की पतासाजी हेतु प्रदेश व्यापी अभियान ''ऑपरेशन मुस्कान'' दिनांक 01 जून से 30 जून 2023 तक चलाया गया, जिसमें राज्य पुलिस को बेहतर सफलता मिली है। ऑपरेशन मुस्कान'' के प्रभावी संचालन के संबंध में पुलिस मुख्यालय द्वारा जिलों को विभिन्न दिशा-निर्देश दिए गए, जिसे पुलिस अधीक्षकों एवं जिलों में नामांकित नोडल अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए इस अभियान को सफल बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया। यह अभियान प्रदेश के भीतर एवं विभिन्न राज्यों यथा उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एवं कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में चलाया गया। इस दौरान जिलों में गठित पुलिस टीम द्वारा हर संभावित स्थानों पर जाकर गुमशुदा बच्चों को बरामद किया गया। ऑपरेशन मुस्कान'' के दौरान 72 बालक एवं 487 बालिकाओं इस प्रकार राज्यभर के कुल 559 गुमशुदा बच्चों को बरामद किया गया है।

राजधानी में अपराधों की दर में गिरावट, 2022 की तुलना में 2023 में कम हुए अपराध

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में अपराधों के आकड़ो में साल 2022 की अपेक्षा साल 2023 में गिरावट आयी है रइपुइ पुलिस ने अपराधों के आकड़े जारी करते हुए जानकारी दी है कि रायपुर पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम करने हेतु अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों, चोरी/लूट/नकबजनी के आरोपियों को पकडऩे तथा नशा का काला कारोबार करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की गई है जिससे अपराधों में गत वर्ष 2022 की तुलना में इस वर्ष 2023 में व्यापक तौर पर कमी देखी गई है।

वर्ष 2022 के माह जनवरी से माह जून तक गंभीर अपराधों में हत्या के 37 प्रकरण, हत्या के प्रयास के 68 प्रकरण, चाकूबाजी के 96 प्रकरण, बलात्कार के 163 प्रकरण, धारा 354 भादवि. के 95 प्रकरण दर्ज किये गये थे। सामान्य मारपीट के 1931 प्रकरण दर्ज किए गए थे।

: वर्ष 2023 के माह जनवरी से माह जून तक गंभीर अपराधों में हत्या के 33 प्रकरण, हत्या के प्रयास के 41 प्रकरण, चाकूबाजी के 47 प्रकरण, बलात्कार के 91 प्रकरण, धारा 354 भादवि. के 79 प्रकरण दर्ज किये गये है। सामान्य मारपीट के 1641 प्रकरण दजऱ् किए गये हैं।

वर्ष 2022 के माह जनवरी से माह जून तक असामाजिक तत्वों/चाकूबाज़ों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आम्र्स एक्ट के तहत 398 प्रकरणों में 407 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।इसके अलावा बदमाशों/अड्डेबाजों पर कार्यवाही करते हुए प्रतिबंधात्मक धारा 151 जा.फौ. के तहत 2763 लोगों को जेल भेजा गया था।

वर्ष 2023 के माह जनवरी से माह जून तक असामाजिक तत्वों/चाकूबाज़ों के विरूद्ध कार्यवाही और तेज़ करते हुए आम्र्स एक्ट के तहत 426 प्रकरणों में 430 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।बदमाशों/अड्डेबाज़ों के विरुद्ध भी कार्यवाही बढ़ाते हुए प्रतिबंधात्मक धारा 151 जा.फौ. के तहत कुल 3491 आरोपियों को जेल भेजा गया है।

इसके साथ ही वर्ष 2022 के माह जनवरी से माह जून तक नशा का काला कारोबार करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए नारकोटिक्स एक्ट के 82 प्रकरणों में 127 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है साथ ही अवैध रूप से शराब बिक्री/परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने/पिलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 1663 प्रकरणों में 1678 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

वर्ष 2023 के माह जनवरी से माह जून तक नशा का काला कारोबार करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही और बढ़ाते हुए नारकोटिक्स एक्ट के 103 प्रकरणों में 149 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है साथ ही अवैध रूप से शराब बिक्री/परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने/पिलाने वालों के विरूद्ध भी कार्यवाही तेज़ करते हुए आबकारी एक्ट के तहत 2068 प्रकरणों में 2096 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

वर्ष 2022 के माह जनवरी से माह जून तक सट्टा/जुआ संचालन करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 280 प्रकरणों में 650 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया था।

कंसल्टेंसी संचालक ठग रहे बेरोजगारों को, रायपुर एसएसपी से हुई शिकायत

रायपुर (आरएनएस)। मंत्रालय में बाबू की नौकरी के लिए ठगी के मामले में पीडित ने 9 महीने पहले डीजीपी से शिकायत की थी. लेकिन अब तक रायपुर पुलिस ने केवल पीड़ित का बयान ही दर्ज कर पाई है. जानकारी के मुताबिक अमित शर्मा निवासी श्रद्धा विहार थाना टिकरापारा ने कथित रूप से संजय कुमार मिरी जो कि जीपीएसएस नाम से कंसल्टेंसी चलाते है. उन्होंने मंत्रालय में अपनी पहुंच का हवाला देते हुए जॉब लगवाने की बात कही थी. जिसके बाद झांसे में आकर युवक ने कई किस्तों में उक्त कंसल्टेंसी संचालक को 8 लाख 67 हजार रूपए दिए. युवक का दावा है कि आधे पैसे कैश में दिए गए और आधे अकाउंट में ट्रांसफर किए गए है. लेकिन जब जॉब नहीं मिली तो युवक को अपने ठगे जाने का अहसास हुआ. इसके बाद पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा. जब वहां से कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुलिस महानिदेशक के पास पहुंचा. लेकिन वहां भी कोई कारर्वाई न होने के बाद पुन: अब 12 जून को पीड़ित रायपुर एसएसपी के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचा था. जहां से उसे कंसल्टेंसी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद है।

जंगल से भटक कर कालोनी पहुंचा कोटरी, कुत्तों के चंगुल से छुड़ाकर छोड़ा जंगल

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कोरबा का बालको परिक्षेत्र वन संपदाओं के अलावा वन्य जीवों से परिपूर्ण है। यहां के जंगल से भटक कर कई बार वन्य प्राणी कालोनी की ओर आ जाते हैं। जिसकी सुरक्षा वन विभाग के लिए चुनौती भरा होता है। ऐसा ही मामला आज सुबह यहां देखने को मिला।

जंगल से भटककर एक कोटरी बालको कालोनी में आ गया, जिसे देख शिकार करने के लिए आवारा कुत्ते दौड़ाने लगे। जब इसकी जानकारी बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार व उसके स्टाफ को लगी तो उन्होंने फौरन मौके पर पहुंचकर कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया और उसे रेस्क्यू कर वापस जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार आज सुबह 10 बजे के लगभग लोगों ने एक वन्य जीव कोटरी को बालको कालोनी के सेक्टर-4 स्थित ग्राउंड के पास देखा। उसे आवारा कुत्ते दौड़ा रहे थे। इसकी तुरंत सूचना लोगों ने बालको रेंजर जयंत सरकार को दी। जिस पर रेंजर अपने स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और पहले कोटरी को आवारा कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया फिर रेस्क्यू कर इसे जंगल में स्वछंद विचरण के लिए सुरक्षित छोड़ दिया। वन विभाग की सक्रियता से वन्य जीव की रक्षा हुई। कोटरी के रेस्क्यू ऑपरेशन में रेंजर के अलावा परिक्षेत्र सहायक कांति कंवर, परिसर रक्षक चेतन ध्रुव व दो अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा एक वन्य जीव प्रेमी नागरिक ने सहयोग किया जिन्होंने समय पर वन विभाग को सूचना दी।

जल जीवन मिशन के कार्यों की हो रही लगातार समीक्षा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य के ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति की जा रही है। जल जीवन मिशन के कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, जिसके परिपालन में आज कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतवार स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पूर्ण कार्यों को अनुबंध के अनुसार छह माह तक ठेकेदार द्वारा स्वयं संचालित

करने के उपरांत ही हस्तांतरित किया जाएगा। साथ ही साथ पंप संचालन का कार्य स्थानीय युवाओं के माध्यम से सुनिश्चित किए जाने पर भी जोर दिया, जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके।

कलेक्टर सोनी ने घर-घर तक नल के माध्यम से जल पहुंचाने वाली इस योजना को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी घरों तक पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन हेतु स्वीकृत घरों की संख्या और वास्तविक घरों की संख्या की जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने क्रियान्वयन सहयोगी एजेंसी के माध्यम से सर्वेक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी कार्यों की पूर्णता एवं गुणवत्ता के आधार पर ही हस्तांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी और पूर्ण हो चुके कार्यों के सत्यापन के लिए क्रियान्वयन सहयोगी एजेंसियों को कार्यवार दायित्व सौंपे जाने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर सोनी ने अगस्त माह तक सभी कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कार्य में आ रही रुकावट के संबंध में भी जानकारी ली और उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पंप संचालन के लिए विद्युत कनेक्शन की आवश्यकता तथा सोलर पंप के स्थापना, योजना के क्रियान्वयन में गति लाने के लिए सभी संबंधित विभागों के मध्य आवश्यक समन्वय में किसी भी प्रकार की कमी नहीं लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एचएस मरकाम सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अब किडनी के मरीजों को राज्य के 27 जिला अस्पतालों में मिलेगी नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। स्वास्थ्य सेवाओं के लगातार विस्तार से अब राज्य के 27 जिला चिकित्सालयों में डायलिसिस की सुविधा विकसित कर ली गई है. इससे किडनी रोगों से पीड़ितों को अब उनके जिला मुख्यालय में ही नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा मिल रही है. प्रदेश के दूरस्थ अंचलों के मरीजों को अब डायलिसिस के लिए बड़े शहरों का रूख नहीं करना पड़ रहा है. किडनी संबंधी रोग से ग्रस्त मरीज को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है. इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है. स्थानीय स्तर पर ही नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने से अब इसके मरीजों को बड़ी राहत मिली है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम 'जीवन धारा' और जिला खनिज न्यास निधि से राज्य के 27 जिला मुख्यालयों तथा देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है।

इन 24 अस्पतालों में कुल 106 डायलिसिस मशीनें स्थापित की गई हैं जहां अब तक 87 हजार धारा' के अंतर्गत दुर्ग, कांकेर, बिलासपुर, महासमुंद, कोरबा, सरगुजा, जशपुर, बीजापुर, रायपुर, जांजगीर, जगदलपुर, गरियाबंद, मुंगेली, धमतरी, बलौदाबाजार, बैकुंठपुर, सूरजपुर, कवर्धा, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एवं सुकमा जिला चिकित्सालय तथा देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है. 'जीवन 321 डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं. पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में इन अस्पतालों में किडनी रोगों से जूझ रहे मरीजों के कुल 46 हजार 679 डायलिसिस सेशन किए गए हैं. प्रदेश के चार अन्य जिला अस्पतालों दंतेवाड़ा, बलरामपुर, रायगढ़ और कोंडागांव में जिला खनिज न्यास निधि से डायलिसिस की मशीनें स्थापित कर यह सुविधा प्रदान की जा रही है. दंतेवाड़ा में चार, बलरामपुर और रायगढ़ में तीन-तीन तथा कोण्डागांव में एक डायलिसिस मशीन संचालित है.

तीन लाख 33 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसलों की हो चुकी बोनी

❐ किसानों को 4.91 लाख क्विंटल बीज और 6.73 लाख टन उर्वरक वितरित

रायपुर (आरएनएस)। चालू खरीफ सीजन में राज्य में 3 जुलाई की स्थिति में 3 लाख 33 हजार 100 हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार की खरीफ फसलों की बोआई की जा चुकी है। खरीफ फसलों में धान की बोआई सर्वाधिक 2 लाख 82 हजार 930 हेक्टेयर में हुई है। चालू खरीफ सीजन में राज्य में 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसलों की खेती का लक्ष्य रखा गया है, जो खरीफ 2022 के लक्ष्य से लगभग एक लाख हेक्टेयर अधिक है। मानसून की देरी के चलते राज्य में खरीफ फसलों की बोआई प्रभावित हुई है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मक्का की 18890 हेक्टेयर में, कोदो 1610 हेक्टेयर में बोनी हो चुकी है। कुटकी और रागी की बोआई भी किसान कर रहे हैं। दलहनी फसलों की बोआई का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। राज्य में अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी की बोआई 1650 हेक्टेयर में पूरी की जा चुकी है। तिलहनी फसलों की बोनी 1860 हेक्टेयर में हुई है, जिसमें सर्वाधिक 1170 हेक्टेयर में मूंगफली की बोआई हुई है। साख-सब्जी और अन्य फसलों की बोनी 16090 हेक्टेयर में की जा चुकी है, जबकि गन्ना की बोआई 9940 हेक्टेयर में हुई है।

प्रदेश में 3 जुलाई तक औसत वर्षा 170.1 मि.मी दर्ज की गई है, जो कि इसी अवधि की 10 वर्षों की औसत वर्षा 212.7 मि.मी से 42.6 मि.मी कम है। गत वर्ष इसी अवधि में 160.6 मि.मी वर्षा दर्ज की गई थी। चालू खरीफ सीजन में प्रदेश में 10.18 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य है, जिसके विरूद्ध अब तक 7.22 लाख क्विंटल का भण्डारण किया जा चुका है। किसानों को 4.91 लाख क्विंटल बीज का वितरण किया गया है, जो कि भण्डारण का 68 प्रतिशत है। खरीफ 2023 में 12.19 लाख मीट्रिक टन वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध 12.30 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का भण्डारण सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में किया जा चुका है। राज्य के किसानों द्वारा अब तक कुल 6.73 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उठाव किया गया है, जो कि कुल भण्डारण का 55 प्रतिशत है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उत्थान अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् उच्च पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

समी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU